# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024




## खबर संक्षेप

### ग्रीन सफायर के अध्यक्ष बने अवस्थी, राठी उपाध्यक्ष



**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित सफायर ग्रीन कॉलोनी में सफायर विला कैंपस समिति का चुनाव, समिति के ऑफिस क्लब हाउस में को-ऑपरेटिव सोसाइटी से निधि पांडे एवं निर्वाचन से सुमित की उपस्थिति में निर्विरोध एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जहां दिनेश अवस्थी को अध्यक्ष एवं संजय राठी को उपाध्यक्ष चुना गया। सचिव राजीव जैन, कोषाध्यक्ष सारिका गुप्ता, संयुक्त उपाध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, संयुक्त सचिव लव बंसल को चुना गया। एसके पाठक,विजय दुआ,नरेश मलंग एवं तारिणी वर्मा को सदस्य के रूप में चुना गया।

### 'एक अच्छा काम' की पहल दृष्टिबाधितों को भेंट की सामग्री



**रायपुर।** युवा समाजसेवी हर्षित सिंघानिया ने अपनी सामाजिक पहल 'एक अच्छा काम' के तहत हीरापुर स्थित प्रेरणा ब्लाइंड स्कूल का दौरा किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दृष्टिबाधित बच्चियों के साथ समय बिताना और उनकी जरूरतों को समझना था। इस दौरान हर्षित ने बच्चियों को स्नैक्स बॉक्स भेंट किए और उनके साथ आत्मीय बातचीत की। स्कूल की वार्डन ने बताया कि स्कूल का पुराना फर्नीचर बहुत खराब स्थिति में है, जिससे बच्चियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर हर्षित ने तुरंत नया फर्नीचर दिलवाने का वादा किया, ताकि बच्चियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम में हर्षित के पिता सुबोध सिंघानिया और सिंघानिया ग्रुप के निदेशक विशाल देशपांडे भी मौजूद थे।

# प्रदेश भाजपा संगठन की चुनावी तैयारी प्रारंभ, जिलों के निर्वाचन अधिकारी तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश भाजपा के संगठन चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो गई है। भाजपा संगठन चुनाव के तहत बूथ कमेटियों के गठन के बाद मंडल, जिला और फिर प्रदेश संगठन का चुनाव होगा। प्रदेश के चुनाव के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। प्रदेश चुनाव अधिकारी खूबचंद पारख ने प्रदेश में संगठन चुनाव के जिला संगठन चुनाव अधिकारियों और सह-अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। सबसे पहले 20 से 30 नवंबर तक बूथ कमेटियों का चुनाव होगा। इसके बाद दिसंबर में मंडल और जिलों का चुनाव होगा। जिला चुनाव अधिकारियों और सह-अधिकारियों में रायपुर शहर जिला चुनाव अधिकारी शिवरतन शर्मा, सहायक अधिकारी राजीव अग्रवाल, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, रायपुर ग्रामीण जिला चुनाव अधिकारी मोतीलाल साहू, सहायक अधिकारी संजय ढीढी, गुलाब टिकरिहा, बलौदाबाजार जिला चुनाव अधिकारी डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, सहायक अधिकारी डॉ. अजय राव, आनंद यादव, गरियाबंद जिला चुनाव अधिकारी श्रीचंद सुंदरानी, सहायक अधिकारी रिखीराम यादव, अनिल चंद्राकर, महासमुंद जिला चुनाव अधिकारी जगदीश (रामू) रोहरा, सहायक अधिकारी ऐतराम साहू, विपिन उपवेजा, धमतरी जिला चुनाव अधिकारी जगन्नाथ पाणिग्रही, सहायक अधिकारी रामस्वरूप साहू, नागेंद्र शुक्ला, भिलाई जिला चुनाव अधिकारी गौरीशंकर अग्रवाल, सहायक अधिकारी रेखराम बंछोर, खिलावन साहू बनाए गए हैं।

## पहले चरण में बूथों की कमेटियों का होगा गठन

### दुर्ग के चुनाव अधिकारी सवन्नी

इसी तरह से दुर्ग जिला चुनाव अधिकारी भूपेंद्र सवन्नी, सहायक अधिकारी उषा टावरी, सुरेंद्र कौशिक, बेमेतरा जिला चुनाव अधिकारी भरतलाल वर्मा, सहायक अधिकारी राजेंद्र शर्मा, नरेंद्र वर्मा, बालोद जिला चुनाव अधिकारी नीलू शर्मा, सहायक अधिकारी राकेश यादव (छोटू), लोकेश श्रीवास्तव, राजनांदगांव जिला चुनाव अधिकारी संजय श्रीवास्तव, सहायक अधिकारी राजेंद्र गोलछा, दिनेश गांधी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला चुनाव अधिकारी रामकुमार भट्ट, सहायक अधिकारी दिलीप वर्मा, नम्रता सिंह, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला चुनाव अधिकारी चंदूलाल साहू, सहायक अधिकारी टीके चंदेल, विरेंद्र जैन, कवर्धा जिला चुनाव अधिकारी रजनीश सिंह, सहायक अधिकारी संतोष पटेल, नितेश अग्रवाल बनाए गए हैं।

### बस्तर के चुनाव अधिकारी विक्रम उसेंडी

कांकेर जिला चुनाव अधिकारी लक्ष्मी वर्मा, सहायक अधिकारी हलधर साहू, सुमित्रा मारकोले, कोण्डागांव जिला चुनाव अधिकारी सुभाऊ कश्यप, सहायक अधिकारी सेवकराम नेताम, प्रवीरसिंह बदेशा, नारायणपुर जिला चुनाव अधिकारी श्रीनिवास राव मद्दी, सहायक अधिकारी बिंदेश्वर महावीर, सुख्खूराम नरेटी, बस्तर जिला चुनाव अधिकारी विक्रम उसेण्डी, सहायक अधिकारी श्रीधर ओझा, वेदप्रकाश नर्सिंग, दंतेवाड़ा जिला चुनाव अधिकारी बैदूराम कश्यप, सहायक अधिकारी अभिमन्यु सोनी, संतोष गुप्ता।

### बिलासपुर के चुनाव अधिकारी अनुराग सिंहदेव

बिलासपुर जिला चुनाव अधिकारी अनुराग सिंहदेव, सहायक अधिकारी कृष्णकुमार कौशिक, जयश्री चौकसे, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला चुनाव अधिकारी लखनलाल साहू, सहायक अधिकारी लालजी यादव, सुश्री समीरा पैकरा। मुंगेली जिला चुनाव अधिकारी मधुसूदन यादव, सहायक अधिकारी भूपेंद्र सिंह ठाकुर, विक्रम मोहले, सक्ती जिला चुनाव अधिकारी कृष्णा राय, सहायक अधिकारी घनश्याम साहू, नेतराम चंद्रा, जांजगीर-चांपा जिला चुनाव अधिकारी जोगेश लाम्बा, सहायक अधिकारी लीलाधर सुल्तानिया, नंदनी राजवाड़े। कोरबा जिला चुनाव अधिकारी राजा पाण्डेय, सहायक अधिकारी संजय भावनानी, गोपाल मोदी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला चुनाव अधिकारी सौरभ सिंह, सहायक अधिकारी मनोज जायसवाल, पुनीत चौहान को बनाया गया है।


### निगम द्वारा बाजार को अक्टूबर में शुरू करवाने की गई तैयारी फेल

# 15 बीएसयूपी कॉलोनियों में युवाओं का मार्केट अधूरा जोन आयुक्तों ने अभी नहीं दी काम पूरा होने की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बीएसयूपी कॉलोनियों में शिफ्ट किए गए 12 हजार से ज्यादा परिवारों को अक्टूबर में कैंपस में ही जरूरी सामान उपलब्ध कराने का दावा फेल हो गया है। सभी बीएसयूपी का निर्माण आउटर में होने से लोगों को दो से तीन किलोमीटर दूर जरूरी सामान के लिए दिन में कई बार चक्कर लगाना पड़ रहा है। इससे राहत देने के लिए निगम द्वारा बाजार बनवाने के लिए शुरू की गई पहल ठंडे बस्ते में है। इतना ही नहीं, जिन सात जोन आयुक्तों को 15 कॉलोनियों में मार्केट डेवलप करने 90 लाख रुपए दिया, उन्होंने अभी प्रोजेक्ट पूरा होने की रिपोर्ट ही मुख्यालय को नहीं दी है।

स्मार्ट सिटी में तय योजनाओं को पूरा करने और सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए कई झुग्गी बस्तियों को हटाने के बाद निगम ने उन्हें आउटर की बीएसयूपी कॉलोनियों में विस्थापन दिया। करीब 15 साल में जिन कॉलोनियों में लोगों को फ्लैट दिया गया, वहां रहने वाले 12 हजार से ज्यादा परिवारों को घरेलू सामान के साथ इलेक्ट्रिशियन, नाई, धोबी, सब्जी, मेडिकल व जनरल सामान के लिए दो से तीन किलोमीटर दूर आना-जाना पड़ता है। इससे समय व वाहन के ईंधन की बर्बादी हो रही है। इससे राहत देने की मुहिम भी अभी तक अधूरी है।



### नए साल में मिलेगी सुविधा

अभी तक विभिन्न जोन क्षेत्र में बनवाई गई 24 बीएसयूपी कॉलोनियों में 12 हजार से ज्यादा परिवारों को शिफ्ट किया गया है। इनके आस -पास जरूरी सामान खरीदने के लिए हर बीएसयूपी में 5-5 दुकानों का निर्माण शुरू करने के बाद एजेंसियों ने उसको पूरा नहीं किया हैं। निगम सूत्रों ने बताया कि अभी सिर्फ जोन -8 में प्रस्तावित दुकानों का काम ही पूरा हुआ है, लेकिन दुकानों का आवंटन स्थानिय युवाओं को अभी नहीं किया गया है। इस प्रक्रिया को पूरा करने में अभी दो महीने से ज्यादा लगने वाला है,यानी नए साल में ही सुविधा मिलेगी।

### काम पूरा होने की जानकारी नहीं

जिन सात जोन आयुक्तों को बाजार विकसित करने के लिए फंड जारी किया गया था, उनमें से सिर्फ जोन 8 ने निर्माण पूरा होने की जानकारी दी है। सभी जगह काम पूरा होने के बाद युवाओं को दुकान आवंटन की प्रक्रिया तय नियम के तहत निगम द्वारा की जाएगी।

**- विवेकानंद दुबे**
उपायुक्त, नगर निगम, रायपुर

### निगम ने की है यह प्लानिंग

प्रत्येक बीएसयूपी कॉलोनी में 5 दुकानों का निर्माण करवाने पर 6-6 लाख रुपए का खर्च किया जा रहा है। इसका आंकलन करने के बाद ही बजट मांगा गया था। इनमें से पहले फेज में 15 कॉलोनियों के लिए निगम के जिम्मेदारों ने 90 लाख रुपए जोन आयुक्तों को जारी किया है। इनमें जोन 01, 02 व चार शामिल नहीं हैं। इनके अलावा जोन 03, 05, 06, 07, 08, 09 और 10 में पहले फेज में 15 जगह मार्केट आकार भी नहीं ले पाया है। इन दुकानों को कॉलोनी में रहने वाले शिक्षित युवाओं को ही अलॉटमेंट किया जाना है।

### राष्ट्रपति का आकाश विग ने किया स्वागत

**रायपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचीं। राजभवन में भाजपा नेताओं के साथ युवा नेता आकाश विग ने भी राष्ट्रपति से भेंट की और उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।



## शराब पीने पैसा नहीं देने पर बदमाश ने पलट दिया गुपचुप ठेला, वीडियो वायरल






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा थाने की पुलिस ने शराब पीने पैसा नहीं देने पर चाकू से हमला करने, धमकी देने तथा गुपचुप ठेला पलटने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश द्वारा ठेला पलटने का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ है।

पुलिस के मुताबिक दीपक पाल की शिकायत पर अजय उर्फ अज्जू नाम के बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। दीपक ने पुलिस को बताया है कि गुरुवार को वह मोतीनगर स्थित अपने घर से गुपचुप बेचने के लिए निकला था। रास्ते में उसे अजय मिला और शराब पीने पैसों की मांग की। पैसा नहीं देने पर अजय ने दीपक को चाकू मारने की धमकी देते हुए जेब से चाकू निकालकर मारने के लिए दौड़ाया। इस दौरान दीपक ने दौड़कर अपनी जान बचाई। दीपक पर चाकू से हमला नहीं कर पाने से हताश अजय ने बदला लेने दीपक का गुपचुप ठेला पलटा दिया। इस दौरान किसी ने ठेला पलटाने का मोबाइल से वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।







प्रस्तुति : श्याम किशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, राजिम, मो. 7987124123 लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली पर बेहतरीन आकर्षक, रंगीन विज्ञापन के लिए संपर्क करें

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024

14 स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर में गर्भवती माताओं ...

16 संस्कृति व संवैधानिक अधिकारों के प्रति सजग...




धनतेरस, दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...
Hero Genuine Spare Parts
सादिक मोटर्स
हीरो पार्टस, डिस्ट्रीब्यूटर के अधिकृत प्रतिनिधि
ओरिजनल स्पेयर पार्टस, स्टॉकिस्ट हीरो मोटर सायकल के अधिकृत स्पेयर पार्टस विक्रेता
पुनीत ढाबा के पास, बस स्टैण्ड नवापारा, मोहम्मद सादिक, मो.: 98261-74507, भूषण पटेल, मो.: 93405-54361

# नवापारा अस्पताल में 4 महिलाओं का हुआ सफल प्रसव, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा के सरकारी अस्पताल में 4 महिलाओं की सफल प्रसव हुआ है। जिसमें जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ है। अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर तेजेंद्र साहू ने बताया कि लोगों के बीच अब सरकारी अस्पताल के प्रति विश्वास बढ़ता चला जा रहा है। निजी नर्सिंग होम में भारी भरकम राशि डिलीवरी में लगता है ये गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए बड़ा कष्टदायक होता है।

बताया कि लगातार लोग अब यहां डिलीवरी कराने के लिए बड़े विश्वास के साथ अस्पताल में पहुंच रहे हैं। बहुत ही सुरक्षा के साथ डिलीवरी यहां कराया जाता है। 15 घंटे के भीतर अपने आप में 4 डिलीवरी कराना काफी मायने रखता है। डिलीवरी के बाद इन चारों नवजात बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही आवश्यक टीकाकरण कराया गया। अस्पताल में सिजेरियन प्रसव भी कराया जाता है। प्रदेश सरकार के विशेष प्रयास से राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार एवं सुधार हो रहा है, जिससे लोगों को अपने गांव के आसपास ही बेहतर सेवाएं मिल रही हैं।

रायपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने कहा कि जिले का हर अस्पताल सुरक्षित प्रसव के लिए हमेशा तैयार है। इन चारो बच्चों की डिलीवरी में विशेष रूप से महिला चिकित्सक डॉक्टर आकृति, डॉक्टर अभिषेक और नर्सिंग स्टाफ की अहम भूमिका रही।

## सितंबर में 31 और अक्टूबर में अब तक 20 का प्रसव हुआ



### ईमानदारी के साथ करें ड्युटी

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने इस सुखद खबर के बाद नवापारा अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर तेजेंद्र साहू सहित पूरे स्टॉफ की तारीफ किया है। कहा है कि अपनी डयुटी पूरी ईमानदारी के साथ निभाएं। मरीज जब भी आते है चाहे रात हो या दिन उन्हें तत्परतापूर्वक सेवा प्रदान करें। बता दें कि सितंबर में इस अस्पताल में 31 डिलीवरी तथा अभी अक्टूबर महिने में आज तारीख तक 20 प्रसव कराया जा चुका है। डॉक्टर साहू ने कहा है कि बिना डर भय, बिना संकोच के यहां डिलीवरी के लिए किसी भी समय लाया जा सकता है। पूरे चौबीस घंटे डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे।

## दहशत : लड़ाई के बाद तीन नर हाथी आक्रमक होकर अकेले कर रहे हैं विचरण

# हाथियों का दल दो भागों में बंटा सैकड़ों एकड़ का फसल हुई तबाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर


तहसील मुख्यालय से महज 10 किलो मीटर दूर मैनपुर वन परिक्षेत्र के कांटादोना जंगल में पिछले लगभग एक माह से 40 से 45 की संख्या में हाथियों का दल डेरा डाले हुए है और अब तक सैकड़ों एकड़ धान मक्का दलहन तिलहन की फसल को नुकसान पहुंचा चूके हैं। हाथी प्रभावित ग्रामों में ग्रामीणों के सामने इन दिनों रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो गई है। दीपावली त्यौहार के सीजन में भी ग्रामीण हाथियों के दहशत से मजदूरी करने नहीं जा पा रहे हैं। आज हाथियों का दल देहारगुड़ा ग्राम पंचायत के गिरहोला, रामपारा में जमकर धान और मक्के की फसल हो नुकसान पहुंचाया है और तो और रामपारा स्कूल मैदान के पीछे सुबह 8 बजे तक हाथियों का दल विचरण करता रहा जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी दहशत देखने को मिल रहा है। हाथियों का दल सिंहार, रामपारा, लुठापारा, छिन्दौला, कुहलीबेड़ा ग्राम में 90 प्रतिशत फसलों को बुरी तरह चौपट करने के बाद पिछले दो दिनों से यह दल दो भाग में बट गया है। एक दल में लगभग 20 हाथियों की संख्या है जो अब धीरे- धीरे बोतलधारा पहाड़ी क्षेत्र के उपर चढ़ रहा है और एक दल जिसमें 20 से 22 हाथियों की संख्या बताए जा रहे है वह काटादोना के जंगल में ही मौजूद है।

■ मजदूरी करने नहीं जा पा रहे ग्रामीण, रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न



### वन विभाग का सायरन गांव में दे रहा सुनाई

मैनपुर क्षेत्र के हाथी प्रभावित ग्रामों में पिछले एक माह से हाथी मित्र दल के सदस्य डेरा डाले हुए है और दोपहर के बाद से देर रात तक गांव-गांव में वन विभाग की सायरन लगे वाहनों की सायरन की आवाज सुनाई दे रही है।



### मुआवजा दिया जाएगा

12 गांवों में सैकड़ों एकड़ फसल को हाथियों के द्वारा नुकसान पहुंचाया गया है। किसानों को प्रति एकड़ 9 हजार रूपए मुआवजा राशि प्रदान किया जायेगा। श्री सोरी ने बताया हाथियों का दल दो भाग में बट गया है।

**राजेन्द्र सोरी,** एसडीओ

### दल से तीन नर हाथी लड़ाई के बाद अलग हुए

हाथियों के दल पर नजर रखने वाले सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार हाथियों का दल अब धान फसल चौपट के बाद दो भागों में बट गया है। यहां जो दल रूका है उसमें तीन नन्हे शावक है जो पहाड़ी नहीं चढ़ पा रहे है साथ ही पिछले 15 दिनों के हाथियों के चिंघाड़ और तीन नर हाथियों दल से अलग हुए है जिसके पीछे कारण यह बताते है कि व्यस्क जब हीट में आते है तो उसे दल से अलग कर दिया जाता है जिसके कारण हाथियों के बीच लड़ाई भी होती है एक नर हाथी नेशनल हाईवे को पार कर साकरा जंगल, दूसरा बोड़ापाला और तीसरा आमामौरा ओढ़ के तरफ निकल गया है यह हाथी काफी आक्रमक बताए जाते है।

### लाखों- करोड़ों का फसल बरबाद, मुआवजा नाम मात्र का

हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण मंशाराम सोरी, हिरासिंह, फूलचंद, रामलाल सोरी, रामेश्वर सोरी, बिसाहु राम, बुधराम सोरी, तिजूराम, पीलूराम, रामधर, सगाराम नेताम ने बताया कि हाथियों के दल के द्वारा एक दर्जन ग्रामों में 90 प्रतिशत फसलों को बरर्बाद कर दिया गया है जिसकी कीमत लाखों- करोड़ों रुपये की है। लेकिन वन विभाग द्वारा मुआवजा के नाम पर महज कुछ हजार रुपए देने की बात कही जा रही है।

# नवीन खरीदी केंद्र की अब तक नहीं मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

मडंवाडिही में उप धान खरीदी करने की मांग किया गया है। संबंधित किसानों ने विधायक, सासंद एवं जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्राथमिक कृषि साख सहकारी रामिति बोरसी पंजीयन क्रमांक 783 के समर्थन मूल्य धान खरीदी उपकेन्द्र खोलने के लिए ग्राम पंचायत बिजली के आश्रित ग्राम मड़वाडीह में वन समिति एवं आश्रित ग्राम पंचायत बिजली, मड़वाडीह, चैतरा एवं रवेली द्वारा खसरा नम्बर 55 रकबा 11.20 हे. में से 5 एकड़ जमीन में धान खरीदी के लिए वन अधिकारी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया है। नवीन खरीदी केन्द्र खोले जाने पर उसके अंतर्गत बिजली, गड़वाडीह, चैतरा एवं श्वेली ग्राम के 600 किसानों द्वारा 561.28 हेक्टेयर में लगभग 30000 क्विंटल की धान खरीदी हो जायेगी। इससे बोरसी खरीदी पर भी सूहूलियत होगी। मड़वाडिही के उक्त भूमि का मौका निरीक्षण सहायक वन परिक्षेत्र द्वारा किया है। बताया कि बोरसी उपार्जन केन्द्र में जगह का अभाव होने से किसानों को दूरी के अलावा अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ाता है। खरीदी धान की उचित रख रखाव व्यवस्था नहीं हो रही है। जिसके कारण रोड से लेकर गोठान अंतिम छोर तक धान खरीदी की जाती है। समीति को भारी नुक्सान उठाना पड़ता है। जिसके कारण धान खरीदी अव्यवस्थित हो जाता है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए ग्राम पंचायत बिजली के आश्रित ग्राम मड़वाडीह में जगह की उचित व्यवस्था कर आरक्षित ▶▶| शेष पेज 14 पर

■ मड़वाडिही खरीदी केंद्र का प्रस्ताव प्रशासन स्तर पर लंबित

## खबर संक्षेप

### स्कूलों में दिवाली की छुट्टी बच्चे खुशी से झूमे



**मैनपुर।** शनिवार को मैनपुर क्षेत्र के स्कूलों में दीपावली छुट्टी घोषित होने के बाद बच्चे खुशी से झुम उठे और चहकते हुए स्कूल से निकलते दिखाई दे रहे हैं।

### कुम्हारी का मिडिल स्कूल मॉडल के रुप में अग्रसर

**नवापारा-राजिम।** जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल के विशेष प्रयास से उनके जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुम्हारी मिडिल स्कूल में बच्चों को आरामदायक शिक्षा ग्रहण करने के लिए 26 बेंच और टेबल की व्यवस्था शिक्षा विभाग से करवाई है। बताया कि एमएस कुम्हारी का स्कूल ज्वाइंट में होने के कारण डेवलप नहीं हो रहा था लिहाजा उन्होने स्कूल को गोद लेकर वहां के बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए एलईडी टीवी, इलेक्ट्रानिक बोर्ड, फोटो कापी मशीन, कंप्यूटर सहित साउंड बॉक्स, दो वाटर कूलर, स्कूल में टाइल्स-पुट्टी करवाके एशियन पेंट लगवाके शाला के संरक्षित भूमि में आय बढ़ाने बोर उत्खनन करवाया। ये स्कूल अब मॉडल स्कूल बनने की ओर अग्रसर है। बच्चे अब रूचि लेकर अच्छे से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।



### नवापारा में गोवर्धन पूजा दो को व मातर तीन को

**नवापारा-राजिम।** नवापारा बस स्टेण्ड के पास झेरिया यादव समाज द्वारा 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा तथा 3 नवंबर को मातर महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए झेरिया यादव समाज के अध्यक्ष श्यामलाल यादव ने बताया कि यह उत्सव काफी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा जिसमें पूरे शहर के लोग शामिल होंगे।

### सुआ नृत्य स्पर्धा दो नवंबर को

**रसेला।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गोवर्धन पूजा के दिन ग्राम रसेला में 2 नवम्बर शनिवार को साहडा देव चौक में रात्रि 8 बजे सुआ नृत्य का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रथम इनाम 5000 रुपए, दूसरा पुरस्कार 3000 रूपए, तृतीय इनाम 2000 रूपए, चतुर्थ पुरस्कार 1000 रूपए दिया जाएगा। पांचवां इनाम 700 रूपए दिया जाएगा। साथ ही साथ जागृति नवयुवक मंडल के द्वारा ट्राफी और सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। इस आयोजन को सफल बनाने में साहडादेव समिति एवं समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### सास ने पैसे नहीं दिए तो अपने बेटे पर किया हमला

**रायपुर।** आरंग थाने में एक महिला ने अपने दामाद के खिलाफ घर जाने पैसे नहीं देने पर बेटे के सिर पर पत्थर से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शकुंतला बघेल ने सुनील बंजारे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

# घरों में डंप 420 पैकेट ओडिशा का धान जब्त

**मैनपुर।** ओडिसा से आने वाले धान पर गरियाबंद जिला प्रशासन ने नकेल कसा। मैनपुर एसडीएम पंकज डहरे ने अपने पहले ही दौर में 420 पैकेज धान जब्त किया है और देवभोग तहसील में 160 बोरा धान समेत 03 पिकप पकड़ाया तो मैनपुर ब्लॉक के अमलीपदर तहसील में घरों में डंप 420 पैकेट ओडिशा का धान जप्त किया। 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने वाला है, उससे पहले प्रशासन के सामने ओडिशा के धान की खपत को रोकने की चुनौती है। इससे निपटने गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने अभी से अपने टीम को एक्टिव कर दिया है। लिहाजा ▶▶| शेष पेज 14 पर

# दिवाली पर दीयों से घरों को करेंगे रोशन

**रसेला।** दीपावली के नजदीक आते ही क्षेत्र में कुम्हार दीये बनाने के काम में तेजी से जुट गए हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस बार उनकी दीवाली भी रोशन रहेगी। रसेला निवासी कृष्णा चक्रधारी, कुंजलाल चक्रधारी लगभग 20 सालों से लकड़ी चाक से मिट्टी के दीय बनाना शुरू किया गया है। दीपावली पर्व नजदीक आ चुकी है। ऐसे में दूसरों के घरों को रोशन करने के साथ ही अपने घर भी खुशियां लाने की उम्मीदों सब कुम्हारों का चाक घूमना शुरू हो गया है। मिट्टी के दीयों की है अपनी परंपरा, दीप पर्व पर मिट्टी के दीयों से घर को रोशन करने की परंपरा सदियों पुरानी है। इसका अपना महत्व भी है। उन्हें उम्मीद है कि इस बार उनकी दीवाली भी रोशन रहेगी। मिट्टी के दीपक, मटकी आदि ▶▶| शेष पेज 14 पर



# सुआ और पड़की नृत्य की धूम



**राजिम।** दीपावली पर्व में इन दिनों शहर-गांव हर जगह चौक-चौराहों से लेकर दुकानों के सामने और घरों में सुवा व पड़की नृत्य करने वाली बालिकाओं का जमघट लगा हुआ है। दरअसल दीपावली में यह सैकड़ों वर्ष की परंपरा है जो आज भी बदस्तुर जारी है।

## रेडियम बेल्ट सिंगनल का करते हैं काम, सड़क दुर्घटना में आएगी कमी

# मवेशियों के गले में लगाए जा रहे रेडियम कालर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नेशनल हाईवे में रात के समय सड़कों में घुमने वाले अवारा मवेशियों के वजह से आए दिन सड़क दुर्घटना बढ़ रही है। रात के अंधेरे में सड़क मे बैठे मवेशियों के कारण बाइक चालक और मवेशी दोनों घायल हो रहे हैं। सड़क दुर्घटना को रोकने गरियाबंद जिला प्रशासन पूरी तरह सजग है और पिछले दिनों गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने बैठक लेकर कड़े निर्देश दिए है कि सड़कों पर मवेशी छोड़ने वालो पर कार्यवाही होगी। साथ ही संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है जिसके कारण पशु चिकित्सालय विभाग के मैनपुर डॉ. योगेश नायक के नेतृत्व में पशु चिकित्सालय विभाग के कर्मचारी रात के समय सड़कों पर घुमने वाले मवेशियों को पकड़कर उनके गले में रेडियम बेल्ट बांध रहे हैं जिससे मवेशियों और वाहन चालकों को दुर्घटना और सड़क हादसे से बचाया जा सके। ये रेडियम बेल्ट पशुओं के गले मे सिंगनल का काम करते हैं। रात के समय वाहनों की लाइट से रेडियम बेल्ट चमकता है जिससे सड़क दुर्घटना में कमी आएगी। डॉ. योगेश नायक ने बताया लगातार मवेशी मालिकों को अपील किया जा रहा है की वे अपने मवेशियों को अपने सुरक्षित स्थान पर रखे लगातार रात के समय मवेशियों के द्वारा सड़क में डेरा डाल देने से सड़क दुर्घटना में मवेशी और लोग दोनो दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। डॉक्टर ने बताया की सड़क दुर्घटना से बचने के लिए रेडियम बेल्ट बांधा जा रहा हैं।





पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर रेप, फिर किया इंकार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक युवती ने एक युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर अपने प्रेमजाल में फंसाकर एक साल से रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## पेज 13 के शेष...

### नवीन खरीदी केंद्र...

किया गया है। जिसकी मांग पर जिला प्रशासन गरियाबंद खाद्य, सहकारिता और जिला सहकारी बैंक, वन विभाग के अधिकारियों की समीति द्वारा प्रस्ताव राज्य सरकार के भेजा गया है। जो आज तक लम्बित है। चूंकि उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 15 नवम्बर से धान खरीदी की तैयारी जोरों से चल रही है। मांग करने वाले संबंधित क्षेत्रों के किसानों के लिए संचय अब भी बरकरार है। जिला प्रशासन के मडवाडिही प्रस्ताव पर सरकार द्वारा नया उप धान खरीदी केंद्र पर मुहर नहीं लगी तो किसान फिर परेशानी झेलना पड़ेगा। खाद्य विभाग के जिला अधिकारी सुधीर गुरु के अनुसार प्रस्ताव में आवश्यक मांग रखा है। जिला खाद्य विभाग गरियाबंद सुधीर गुरु ने कहा नया उप धान खरीदी केंद्र के लिए गठित समिति द्वारा मांग प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है। स्वीकृत होने पर अमल किया जायेगा।

### घरों में डंप...

शनिवार को मैनपुर एसडीएम पंकज डहरे ने अपने टीम के साथ अमलीपदर तहसील के केकराजोर में छापेमारी कर दो घरों से 420 पेकेट धान जप्त किया। इधर देवभोग राजस्व अमला ने भी ओडिशा से धान भर कर आ रही 3 पिकअप को खोकसरा सीमा में जप्त किया है। तीन वाहन में 160 बोरा धान था। मिली जानकारी के अनुसार राजस्व अमला ने अब तक 1000 से भी ज्यादा बोरा धान जप्त किया है। वहीं दूसरी ओर आज शाम 7 बजे बनवापरा चेक पोस्ट से 40 बोरी धान उड़ीसा से बिना दस्तावेज के धान डंप किया गया। धान को जब्त कर ग्राम सरपंच बनवापारा के सुपुर्द किया गया है। मैनपुर एसडीएम पंकज डहरे ने बताया की केकराजोर में छापामारी कर 420 पैकेट अवैध धन जप्त किया गया है और उड़ीसा सीमा के सभी चौकिया को दुरुस्त किया गया है। आज पूरे क्षेत्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है यहां कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### दिवाली पर दीयों...

बनाने के लिए माता पिता के साथ उनके बच्चे भी हाथ बटा रहे हैं। कोई मिट्टी गूंथने में लगा है तो किसी के हाथ चाक पर मिट्टी के बर्तनों को आकार दे रहे हैं। कृष्णा चक्रधारी ने बताया कि एक नग दीया का कीमत 2 रूपए है, करसा जो गौरी गौरा में कलश निकाले जाते हैं उसका सेट 70 रूपए, कलौरी जो अन्नकूट के दिन काम आते हैं 50 रूपए सेट, ग्वालीन जो दीपावली के दिन दीप जलते हैं उसका 100 रूपए और मटका की कीमत 100 रूपया बेच रहे हैं। हालांकि पिछले कुछ समय से आधुनिकता के इस दिन में दीयों का स्थान बिजली के झालरों ने ले लिया है। ऐसे में कुम्हारों के सामने आजीविका का संकट गहरा गया है। चाइनीज झालरों ने कुम्हारों के धधो पर चोट पहुंचाई। इस कारण वर्ष भर इस त्योहार की प्रतीक्षा करने वाले कुम्हारों की दीवाली अब पहले की तरह रोशन नहीं रही।

**सुविधा:** आईसोलेशन वार्ड एवं सोनोग्राफी मशीन का विधायक ने किया शुभारंभ

# स्वास्थ केंद्र फिंगेश्वर में गर्भवती माताओं व बहनों को मिली सोनोग्राफी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र फिंगेश्वर में विधायक रोहित साहू ने 20 बिस्तर आईसोलेसन वार्ड एवं सोनोग्राफी मशीन का शुंभारंभ किया और कहा कि राजिम विधान सभा मे स्वास्थ सुविधाओं की बढ़ोत्तरी होगी। स्वास्थ सेवा को लेकर हमारी सरकार गंभीर है। 25 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र फिंगेश्वर में स्वास्थ विभाग के द्वारा 20 बिस्तर आईसोलेसन वार्ड एव गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए प्रयोग आने वाली सोनोग्राफी मशीन का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित था जिसके मुख्यअतिथि राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, विशिष्ट अतिथि वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, मधुबाला रात्रे, पार्षद दीपक श्रीवास, संतोषी श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल सोनकर, राजू साहू आदि थे।






कार्यक्रम मे सभी अतिथियों का पुष्पमाला से अस्पताल स्टाप के द्वारा स्वागत किया गया। वहीं पर आईसोलेशन वार्ड एवं सोनाग्राफी मशीन का विधायक रोहित साहू के द्वारा लोकार्पण किया गया। मंच मे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि जब से प्रदेश मे भाजपा की सरकार आई है तब से हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा जनहित कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता से करा रही है। इस अस्पताल में सोनोग्राफी की कमी के कारण हमारी गर्भवती माताओं एव बहनों को सोनोग्राफी के लिए खर्च कर दूसरे जगह जाना पड़ता था लेकिन अब उन्हे बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उनकी जांच इसी अस्पताल में हो जायेगी।आने वाले समय मे सर्जरी का काम भी इन अस्पतालों मे हो होगी जिससे लोगों को आपरेशन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

### गर्भवती माताएं अब नहीं भटकेंगी

विधायक साहू ने कहा की प्रदेश की सरकार स्वास्थ को लेकर बहुत ही सजग है वहं चाहती है कि प्रदेश मे स्वास्थ सुविधाओं का अधिक से अधिक विस्तार कर आम जनता के परेशानियों को दूर करें। इसी कड़ी मे आज गरियाबंद के सूपाबेड़ा में किडनी डायलेसिस के काम के लिए अब रायपुर जाने की जरूरत नहीं पड़ती सभी काम जिले मे हो जा रही हैं। वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित ने भी कहा कि सोनोग्राफी मशीन के होने से अब गर्भवती माताओं को भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। स्वास्थ सुविधाओं को लेकर प्रदेश सरकार के साथ साथ हमारे विधायक भी सक्रिय हैं।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम मे मंच का संचालन बीटीओ योगेश पराना ने किया। आभार बीएमओ विरेन्द्र हिरौंदिया के द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे भाजपा नेता दीपक श्रीवास, किरणेश सोनी, राजपूत, भुनेश्वरी साहू, वैभव सोनी, मोती निषाद, रामाधार साहू, ओमप्रकाश साहू, राकेश सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता थे। वहीं पर अस्पताल विभाग से सीएचएमओ डॉ. गार्गी, डॉ. देवेन्द्र भारतीय, डॉ. विपिन लहरे, बीपीएम सौरभ बिरमानी एवं स्टाप नर्स, सुपरवायजर तथा स्वास्थ कार्यकर्ता, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा अभियान में यात्री सुविधा पर दिया जोर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगो में जागरूकता फैलाने के लिए कोसमबुड़ा पुलिस चौकी के आरक्षक के तत्वाधान में लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी देते हुए यात्रा के दौरान सावधानी बरतने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में छुरा पुलिस थाना के आरक्षक क्रमांक 700 कृष्णा यादव और आरक्षक क्रमांक 665 गजानंद सोनवानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत जिन लोगो ने सुरक्षा नियमों का पालन किया उनको विश्वविद्यालय के प्राध्यापको के द्वारा सम्मानित किया गया।

यह सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम समुदाय में सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाने के लिए आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य सड़क पर सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा देना और सड़क दुर्घटनाओं की संख्या को कम करना, प्रतिभागियों को यातायात नियमों और विनियमों के बारे में जागरूक करना, सीट बेल्ट और हेलमेट के महत्व को उजागर करना, सुरक्षित ड्राइविंग प्रथाओं को बढ़ावा देना, लापरवाह ड्राइविंग के परिणामों और सड़क दुर्घटनाओं के प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना। आईएसबीएम विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग के सभी प्राध्यापक और अन्य विभाग के प्राध्यापको ने मिलकर इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।

# बैठक में दिव्यांगों के हितों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



सर्वजन दिव्यांग संघ छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में धीवर समाज भवन अभनपुर में प्रदेश स्तरीय बैठक रखा गया था। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। उक्त सभा में दिव्यांगों के हितो के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई जिसमें पेंशन बढ़ोत्तरी, दिव्यांगों के लिए आवास प्रमुख है। इस अवसर पर प्रदेश संगठन द्वारा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान डॉक्टर डोमन बया, ओमप्रकाश साहू, मनोज साहू, सनद साहू, सुनील धीवर, जागेश्वर साहू, पिंटू साहू, यशवंत ध्रुव, राघवेन्द्र साहू, पुनिया साहू, ईद्रनी धीवर, रूपा साहू, रवि साहू एवं आदि लोग मौजूद रहे।

# जनपद उपाध्यक्ष ने मुड़तराई स्कूल में कराया न्योता भोज



**फिंगेश्वर ।** कोपरा संकुल के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला मुड़तराई में जनपद पंचायत फिंगेश्वर के उपाध्यक्ष योगेश साहू ने अपने पुत्र अनादि साहू के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को स्कूली बच्चों को न्योता भोजन का आयोजन किया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू ने कहा कि न्योता भोजन का उद्देश्य समरसता के भाव को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि जीवन के महत्वपूर्ण दिन जैसे जन्मदिन, शादी की सालगिरह सहित अन्य उत्साह के अवसरों पर हम सब मिलकर स्कूल के बच्चों के साथ उत्सव मनाएं। इस दौरान शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उदल सिंह कंवर, टेमन यादव, पूर्व अध्यक्ष हुलासराम साहू, प्रधानपाठक सेवा राम साहू, शिक्षकगण रुपेश वर्मा, आशा राम साहू, द्विज राम जांगड़े, वीरेंद्र साहू सहित शिक्षकगण व छात्र- छात्राओं की उपस्थिति रही।

# चेतना ने पेंटिंग प्रतियोगिता में जीता मेरिटोरियस अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



एएएफटी यूनिवर्सिटी, स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स की बीएफए पांचवें सेमेस्टर की छात्रा चेतना गंजीर ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की 90वीं वर्षगांठ पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में मेरिटोरियस अवॉर्ड जीतकर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतियोगिता में चेतना ने न केवल 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार जीता बल्कि एएएफटी यूनिवर्सिटी के लिए एक डिजिटल डिवाइस भी जीता है। इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से 71 आर्ट यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था, जिसमें एएएफटी यूनिवर्सिटी ने शीर्ष 15 कला अकादमिक संस्थानों में अपनी जगह बनाकर पहचान स्थापित की। चेतना की इस जीत ने विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर और भी प्रतिष्ठित बना दिया है। छात्रा चेतना सिवनीकला की रहने वाली है जो वर्तमान में एएएफटी यूनिवर्सिटी से बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स की पढ़ाई कर रही हैं जो प्रतिभाशाली विद्यार्थियो में से एक हैं। उन्होंने राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में लगातार सफलता हासिल कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। उनकी प्रारम्भिक पढ़ाई कुरुद स्थित सनराइज इंग्लिश मीडियम व नवापारा के सरस्वती शिशु मन्दिर में हुआ हैं। उन्होने इस उपलब्धि के लिए फाइन आर्ट्स के एचओडी निखिल तिवारी के मार्गदर्शन तथा अपने पिता नरेश गंजीर और माता सविता गंजीर को पूरा श्रेय दिया हैं जिन्होने इस दिशा में उन्हें काफी प्रोत्साहित किया।

# निसदा में माइनिंग अधिकारी की सांठ-गांठ में खनन जारी: पटेल

**नवापारा-राजिम।** क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल माइनिंग अधिकारियो के खिलाफ खुलकर आरोप लगाते हुए कहा है कि ग्राम पंचायत निसदा में पत्थर खनन की लीज का समय सीमा समाप्त होने के बाद भी अवैध रूप से पत्थर उत्खनन का काम संबंधित अधिकारी के सांठ-गांठ से जारी है। बताया कि उत्खनन से निकला वेस्ट मटेरियल को इधर-उधर कही भी डाला जा रहा है जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो रहा हैं। पर्यावरण को स्वच्छ रखने पौधारोपण भी नहीं हुआ है। रानी पटेल ने बताया कि इस मामले को लेकर वे लगातार जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में प्रमुखता से उठाती आई हूं और ग्रामीणों को लेकर कलेक्ट्रेट तथा तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम से शिकायत दर्ज कराई बावजूद अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुआ है। रानी ने बताया कि विभागीय अधिकारी जांच में तब निसदा पहुंचे जब त्योहार के कारण उस दिन अवैध उत्खनन का काम बंद था। अधिकारी ने वेस्ट मटेरियल भंडारण को लेकर कार्यवाही करने का स्पष्टीकरण दिया है। बताया कि वे जब पर्यावरण विभाग के अधिकारी प्रकाश रबड़े से सवाल किया तो उन्होने गोल-मोल जवाब देकर टाल दिया। कहा कि अफसरो के संरक्षण में ही माइनिंग का अवैध कार्य क्षेत्र में जारी है इससे भाजपा सरकार की छवि धुमिल हो रही है। उन्होने विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग सीएम से किया है।

# चतुर एवं अलाल राम को दी गई श्रवण यंत्र




**कोपरा।** शुक्रवार को जनपद पंचायत फिंगेश्वर में कौंदकेरा निवासी चतुर मंडल और अलाल राम साहू दोनों लंबे समय से कम सुनने की समस्या से ग्रसित हैं। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से लोकप्रिय मिलनसार जनपद सदस्य दीपक साहू ने बात कर चतुर राम और अलाल राम की समस्या का समाधान करते हुए उन्हें श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। बुजुर्गों की बढ़ती उम्र के साथ सुनाई देने में दिक्क़त का सामना करना पड़ता है ऐसे में उनके लिए श्रवण यंत्र जैसा सहायक उपकरण बड़ा मददगार साबित होता है।

# पुलिस ने ग्रामीणों को किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम टोकरो में शाला प्रबंधन समिति एवं ग्राम पंचायत के सहयोग से आयोजित निजात कार्यक्रम में पुलिस थाना अभनपुर से पधारे टीम ने स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणो को नशा व अपराध से मुक्ति तथा ऑनलाइन ठगी से सावधान रहते हुए जागरूक किया। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक, सरपंच, एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों के अलावा बच्चे शामिल थे।







# अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का हो रहा त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार जिले में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो रहा है। इससे दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजनों को शासकीय नौकरी का लाभ मिल रहा है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल की तत्परता एवं संवेदनशीलता से जिले में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के लिए तेजी से कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर ने विगत दिवस एक और अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण का निराकरण करते हुए छुरा अंतर्गत सारागांव निवासी केशरी कंवर को अनुकंपा नियुक्ति का आदेश सौंपा। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपकर श्रीमती कंवर को निष्ठा एवं लगन से शासकीय सेवा करने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। केशरी कंवर को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पिपराही में भृत्य पद पर नियुक्ति दी गई है। शासन की पहल और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति मिलने से श्रीमती कंवर एवं उनके परिजनों ने खुशी जताते हुए राज्य शासन एवं जिला प्रशासन का आभार जताया।

उल्लेखनीय है कि जिले में पिछले चार माह के भीतर 19 लोगों को अनुकंपा नियुक्ति दी जा चुकी है। कलेक्टर श्री अग्रवाल अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का प्रमुखता से संज्ञान लेकर निराकरण के निर्देश दे रहे हैं। इससे पात्र अभ्यर्थियों को राहत मिल रही है। श्रीमती कंवर ने शासकीय नियुक्ति मिलने के बाद कहा कि राज्य शासन की नीति के तहत त्वरित पहल से नौकरी मिल गई है। जिससे आर्थिक समस्याओं को दूर करने एवं परिवार के पालन पोषण में सहायक होगी। श्रीमती कंवर ने बताया कि उनके पति शिक्षा विभाग अंतर्गत शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। सेवा अवधि के दौरान उनकी निधन हो गई। पति के गुजर जाने के बाद परिवार के सहारे एवं भरण-पोषण की चिंता सताने लगी थी, साथ ही भविष्य भी अंधकार नजर आने लगा था। शासन की पहल से अनुकंपा नियुक्ति मिलने से परिवार के भरण पोषण की समस्या दूर हो गई है। शासन के सहयोग से मिले अनुकंपा नियुक्ति के फलस्वरूप अब परिवार के विकास की भी चिंता दूर हो गई है।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

।। बाबा ॐ श्री शिव ।।

महादेव

मानक पथप्रदर्शक
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हॉलमार्किंग ज्वेलरी 100% वापसी के साथ

# नवकार ज्वेलर्स





सच्चा सौदा ईमानदारी का

## राजिम

इस त्योहारी पर्व की खरीदी नवकार के संग

### हॉलमार्किंग डिटेल

लाईसेंस नं. HM/C 5990102719
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त हॉलमार्किंग ज्वैलरी दुकान
प्रत्येक जेवर सरकार (BIS) द्वारा
अधिकृत संस्था से प्रमाणित

हमारा वादा सच्चे सौदा का

हमारा वादा ईमानदारी का

### नवकार गारंटी

* रेट + मजदुरी + टैक्स मिलाकर Complete में सबसे कम
(इससे सस्ता कहीं नहीं)
* प्रत्येक जेवर BIS हॉलमार्क प्रमाणित
(इससे अच्छा कहीं नहीं)
प्रत्येक जेवर का रेट टैक्स + मजदुरी मिलाकर सबसे कम

हमारा वादा होलसेल रेट का

365 दिन सच्चा भाव

### आग्रह

अपने परिवार, मित्र एवं प्रियजनों को यह WHATSAPP के द्वारा SHARE जरुर करें

हमारा वादा हॉलमार्क जेवर का

365 दिन सच्चा सौदा

**राजिम**
सुंदर लाल शर्मा चौक, बस स्टैंड
9755411000, 6269801000

**नवापारा**
पुराना जिला सहकारी, बैंक के पास
9074100000, 6269702000

**रायपुर**
श्याम टॉकीज रोड, बूढ़ापारा
9329732777, 6269703000

विशेषः- इसके अलावा हमारी और कोई अन्य संस्था नहीं है.

### संबंधित प्रतिष्ठान

शांति विजय स्टोर्स
नवापारा

शांति विजय एम्पोरियम
राजिम

प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप

### महिला की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए किया सहयोग

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के वार्ड नं 12 संवरा डेरा में एक महिला की अचानक स्वास्थ्य खराब होने के कारण मृत्यु हो गई। वर्तमान में उस परिवार के पास न ही आधार कार्ड है न ही राशनकार्ड और न पासबुक। किसी भी प्रकार के कोई दस्तावेज नहीं होने के कारण उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया। मृतक के ससुर चमरू और उसके पुत्र राजा द्वारा पार्षद सभापति धर्मेंद्र यादव को अपनी परिस्थितियों से अवगत कराया। जिस पर अंतिम संस्कार के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति धर्मेंद्र यादव ने आर्थिक सहायता, चावल, सब्जी व अन्य सामग्री देकर सहयोग किया। इस अवसर पर यादव समाज के पूर्व अध्यक्ष पूर्व पार्षद पुष्कर यादव, द्रोणाचार्य साहू, डोमार पटेल, भुनेश्वर साहू, हेमंत धीवर, रामचंद्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा के विपिन उपोवेजा को संगठन चुनाव अधिकारी नियुक्त

**सरायपाली।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में वर्ष 2024 के संगठन चुनाव कराने के लिए जिला संगठन चुनाव अधिकारी व सह चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की गई है। उसी के तहत सरायपाली निवासी भाजपा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा को जिला सह संगठन चुनाव अधिकारी की नियुक्ति प्रदेश संगठन द्वारा किया गया है। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

### बिरकोनी स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**बिरकोनी।** शासकीय प्राथमिक शाला बिरकोनी में न्योता भोज का आयोजन किया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष पोषण साहू और उपाध्यक्ष ओंकार पटेल, एसएमसी सदस्य हर्षवर्धन अशोक साहू, डोमन साहू, पंचायत प्रतिनिधि त्रिपदा चंद्राकर, जमोत्री प्रेमलाल निषाद एवं सभी पालक सदस्य उपस्थित थे। एसएमसी द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इसमें खीर, पूड़ी, केला वितरण किया गया। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक धनेश्वरी प्रजापति, मुकेश प्रजापति, मेघा ध्रुव और संगीता साहू विशेष सहयोग रहा।

### बागबाहरा से चंडी मंदिर मार्ग चौड़ीकरण को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बागबाहरा।** नगर पालिका इंडोर स्टेडियम के शुभारंभ में पहुंची महासमुंद लोकसभा की सांसद रूपकुमारी चौधरी को पार्षद लोकेश्वर चंद्राकर द्वारा बागबाहरा रेलवे फाटक से चंडी मंदिर मार्ग करीब 5 किलोमीटर की दूरी को चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। पार्षद चंद्राकर ने बताया कि बागबाहरा क्षेत्र में स्थित मां चंडी मंदिर दर्शन करने के लिए देश विदेश से लोग पहुंचते है, जिससे दर्शनार्थियों को आवाजाही में बहुत ही परेशानी होती है। मंदिर मार्ग में विद्युत नहीं होने से अंधेरा भी बहुत रहता है, जिससे जंगली जानवर का भी डर बना रहता है, इसीलिए मार्ग में सौंदर्यीकरण के रूप में रोड डिवाइडर बनाकर विद्युत व्यवस्था करने की मांग की है।

### सूने मकान से नकदी-जेवर पार, 5 लाख की चोरी

**रायपुर।** मुजगहन थाना में केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक कर्मचारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ नकदी 50 हजार रुपए सहित पांच लाख रुपए से ज्यादा कीमत की सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कांदुल रोड स्थित वॉलफोर्ट पैराडाइज निवासी प्रवीण कुमार सिवान ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। प्रवीण ने पुलिस को बताया कि एक सप्ताह पूर्व 19 अक्टूबर को वह अपने परिवार सहित दिल्ली गया था।

### मकान खाली करने के एवज में मांगे 10 लाख

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक महिला अपने किराएदार के खिलाफ मकान खाली करने के एवज में 10 लाख रुपए मांग करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खुशी वाटिका निवासी सुगंधा सिंह भंडारी ने संजय सिंह तथा अनिल मोहंती के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने आरोप लगाया है कि दोनों उनके परिचित हैं, इसलिए उन्हें रहने के लिए अपने मकान को किराए पर दिया था।

कार्यक्रम : मैनपुर कॉलेज में जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत पर कार्यक्रमों का अयोजन

# संस्कृति व संवैधानिक अधिकारों के प्रति सजग रहने की जरूरत : पंचायत सभापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर



नवीन शासकीय महाविद्यालय मैनपुर में जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम मुख्य अतिथि में एवं प्राचार्य डॉ. बीके प्रसाद की अध्यक्षता में जनजातीय गौरव माह के अंतर्गत जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, भगवान बिरसा मुंडा एवं वीर नारायण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर राज्यगीत प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम के संयोजक गायत्री मरकाम द्वारा स्वागत भाषण एवं विषय संबंधित प्रस्तावना से कार्यक्रम को गति प्रदान की गई। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। उद्बोधन की कड़ी में मुख्य वक्ता अमर सिहं कुंजाम ने आदिवासी संस्कृति एवं परंम्पराओं को वैज्ञानिक तरीके से जोड़ने एवं शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम ने आदिवासी समाज के युवक-युवतियों को अपने पूर्वजों द्वारा संजोए संस्कृति, वेशभूषा रहन-सहन परंम्पराओं, संवैधानिक अधिकारों के प्रति सजग रहने एवं देव व्यवस्था के संबंध में सारगर्भित जानकारी दी। मंच में उपस्थित विशिष्ट अतिथि डाकेश्वर नेगी, देवन नेताम, कमला नागेश, पवन दीवान ने उक्त कार्यक्रम के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सनबरसन साहू ने उदबोधन दिया। प्राचार्य डॉ. बीके प्रसाद ने आगत अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राएं कुमारी बबीता ध्रुव, भावेश साहू, ज्ञानसिंह, कुमारी माधुरी ठाकुर आदि सक्रिय रहे। उक्त कार्यक्रम का मंच संचालन बीएससी तृतीय वर्ष के मयंक नेताम ने किया।

## कॉलेज छात्रों को निर्वाचक नामावली के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

आगामी स्थानीय निर्वाचन से पूर्व जिले के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण की कार्यवाही जारी है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार और जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जागव वोटर जाबो अभियान के अंतर्गत विगत दिवस गरियाबंद के शासकीय वीर सुरेंद्र साय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्रों को निर्वाचक नामावली के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई और मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। यह कार्यक्रम विशेष रूप से युवा मतदाताओं को जागरूक करने, मतदाताओं को जोड़ने और चुनाव में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। तहसीलदार गरियाबंद ने छात्रों को स्थानीय निर्वाचन की मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। वे छात्र जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और जिनका नाम भारत निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची में शामिल है, वे प्रारूप क-1 में नियत तिथि से पहले तहसील कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं। इस कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मयंक अग्रवाल, नायब तहसीलदार अवंतिका गुप्ता और महाविद्यालय के प्राचार्य जी एस दास सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

## जरगांव स्कूल के बच्चों ने सुआ नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम जरगांव के प्राथमिक माध्यमिक तथा हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा शनिवार बेगलेश डे के अवसर पर सुआ नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। दिपावली का अवकाश होते ही बच्चों में उत्साह देखने को मिला। स्वमेव ही छत्तीसगढ़ी पारम्परिक वेशभूषा में बच्चे तैयार होकर सुआ नृत्य के लिए तैयार होकर नृत्य पेश किए। पारम्परिक गीतों को लय ताल के अनुसार बच्चे गोला बनाकर नाचने लगीं। एक सप्ताह पूर्व





गांव-गांव में जाकर बालिकाओं के द्वारा सुआ गीत गायन कर दिपावली पर्व का एहसास कराती है। बच्चों के मन में अलग तरह का उत्साह रहता है। बच्चों को मंच प्रदान करने की आवश्यकता है। बच्चों में बहुत ही टेलेंट भरा रहता है। स्कूल के शिक्षक प्रधानपाठक विकास शुक्ला, संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव, कन्हैयालाल यादव, अविनाश वर्मा, रामेश्वरी मांझी,पदमनी ध्रुव, रामबती ध्रुव,डिगेश्वरी दिवान,लिमेश साहू, लोकनाथ साहू,मदन ध्रुव आदि ने बच्चों के प्रोत्साहन हेतु बच्चों को सुआ नृत्य के लिए प्रेरित किया।

## पठन महोत्सव में शिक्षक अर्जुन सम्मानित हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुर




अनुभव एवं उपलब्धियों का संगम विषय पर एससीईआरटी, यूएसएआईडी एवं रूम टू रीड के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय पठन महोत्सव का भव्य आयोजन न्यू सर्किट हाउस रायपुर में 23 अक्टूबर को किया गया था। नई शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में बुनियादी साक्षरता कौशल में सुधार एवं बच्चों में पढ़ने की आदत को विकसित करने के लिए राज्य में वृहद पैमाने पर रीडिंग कैंपेन चलाया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि रूम टू रीड के प्रोग्राम ऑपरेशन डायरेक्टर डॉ. भाग्यलक्ष्मी बालाजी, एससीईआरटी से प्रकोष्ठ प्रभारी डिकेश्वर वर्मा, पुष्पा किस्पोट्टा, यूएसएआईडी से डॉ. पूनम स्मिथ, खैरागढ़ विश्वविद्यालय से कपिल शर्मा, रागिनी सिंह, डाइट कोरिया से अनिल बंजारे, रूम टू रीड से मुकेश कुमार, अक्षय कदम, गजाधर, मनीष मुख्य रूप से उपस्थित थे। बाल साहित्य निर्माण एवं विकास में लेखक के रूप में नगर के शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। योगविद, स्काउट मास्टर अर्जुन धनंजय सिन्हा को सम्मानित किए जाने पर एससीईआरटी से टीसी जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, जिला मिशन समन्वयक केएस नायक, एपीसी विल्सन थॉमस, योगेश पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएल मतावले, बीआरसी हरीश देवांगन, प्राचार्य एनसी साहू, केके साहू, वीरेंद्र ठाकुर, संकुल समन्वयक शंकर लाल यदु, संतराम कंवर, खोरबाहरा निषाद, स्मरण साहित्य समिति अध्यक्ष ललित साहू, देवनारायण यदु, हेमलाल पटेल ने बधाई प्रेषित किया।

## बच्चों ने दी राउत व सुआ नृत्य की प्रस्तुति



**मुड़ागांव(कोरासी)।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय रानीपरतेवा के भैया बहिनों के द्वारा सुंदर राउत व सुवा नृत्य की प्रस्तुति ग्राम रानीपरतेवा में किया गया। जिसमें सभी भैया बहिनों ने वेशभूषा, बाजे-गाजे के साथ गली भ्रमण और चौक-चौरहे में छत्तीसगढ़ की सदियों से चली आ रही पारंपरिक राऊत नाचा सुवा नृत्य किया और जनसमुदाय को सुरहुति, देवारी, मातर की शुभकामना दी। इस कार्यक्रम में सभी भैया बहिनों की सहभिता के साथ अध्यक्ष कैलाश शुक्ला, प्रधानाचार्य हुमेश्वर सिंह राजपूत, आचार्य गण पीतांबर पटेल, मूलचंद पटेल, गीता शुक्ला, ऋतु निषाद, पार्वती सिन्हा, चमेश्वर साहू, लोकेश चौहान, युवराज दीवान, सूरज यादव, तेजराम साहू, होरीलाल निषाद, आसीन बाई ध्रुव, कन्हैया प्रजापति की सराहनीय योगदान रहा।

## सिर्रीखुर्द स्कूल में सुआ नृत्य, दिया सजाओ व रंगोली प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में दीपावली के पावन अवसर पर सुवा नृत्य, दिया सजाओ रंगोली प्रतियोगिता हुई साथ ही राऊत नाचा एवं सांस्कृतिक पर्व की झलकियां जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अत्यंत मनमोहक कार्यक्रम को देखने सुनने काफी लोग उपस्थित थे। बच्चों ने सुरक्षा की दृष्टिकोण से हेलमेट, सुरक्षा जूता, आग बुझाने की मशीन, फास्टेड बॉक्स का रंगोली बनाकर लोगों को सुरक्षित रहने का संदेश दिया। शिक्षक खोमन सिन्हा ने स्कली बच्चों को भूकंप के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भूकंप एक प्राकृतिक आपदा है जिससे हमें शारीरिक आर्थिक मानसिक सामाजिक नुकसान होता है भूकंप के झटके का आभास होते ही हमें



पेड़, बिजली खंबे के आसपास नहीं रहना चाहिए। बच्चों को कहा गया कि आज से दीपावली अवकाश हो रहा है जिसमें आप सभी अपने घरों में अध्ययन कार्य करेंगे और पटाखों से दूरी रखेंगे संस्था के प्रधानपाठक जगन्नाथ ध्रुव ने जगन्नाथ ध्रुव, शिक्षक घनश्याम कंवर ,दुर्गेश विश्वकर्मा ,लीलाराम मतावले, साहू शिक्षक खोमन सिन्हा उपस्थित थे।


## राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा में रांवड़ हाईस्कूल के 12 विद्यार्थी उत्तीर्ण

**राजिम।** रांवड़ हाईस्कूल के 12 स्काउट गाइड बच्चे राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। जिसमें तेजेस मानिकपुरी, कुशल यादव, मोहित निषाद, रोहित साहू, मनीष साहू, लिलेश्वर साहू, यामिनी साहू, वंदना साहू, मुस्कान निषाद, चांदनी साहू, युक्ति पटेल, कामिनी साहू शामिल है। मालूम हो कि भारत स्काउट एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय द्वारा राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा गाइड 3 से 7 अगस्त तथा 9 से 13 सितंबर तक राज्य प्रशिक्षण केंद्र झांकी अभनपुर में आयोजित किया गया था। प्राचार्य चैतन्य यदु ने बताया कि राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के विशेष मार्गदर्शन में गरियाबंद जिले में सबसे ज्यादा



राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा उत्तीर्ण होने वाला स्कूल बना है। बताया कि इन सभी छात्रों को हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2024 में 10 अंक बोनस मिलेगा। इस उपलब्धि पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष टीकम सेन ने बधाई दिया है।

### स्कूली बच्चों को बांटी मिठाई



**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकिय प्राथमिक शाला कमारपारा खट्टी जहां दीपावली उत्सव पर्व पर छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्थान के तत्वाधान में सभी विद्यार्थियों को मिठाई वितरण किया गया। वहीं गरियाबंद जिले के इंडियन रेड क्रॉस संरक्षक सदस्य मनोज पटेल ने सभी छात्र-छात्राओं को सबसे बड़े त्यौहार धनतेरस दीपावली पर्व पर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में हीराकली वर्मा प्रभारी प्रधान पाठक, चैतीबाई (रसोईया) कुमारी होलिका, कुमारी रिंकी मरकाम, जयदेव, छत्रपाल उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने ली भाजपा की सदस्यता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश भर में सदस्यता अभियान 26 सितम्बर से जारी है जिसके तहत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाकरउन्हें प्राथमिक सदस्य बना रहे हैं। पार्टी संगठन द्वारा सर्वाधिक सदस्यता अभियान 26 से 28 अक्टूबर तक चलाई जा रही है जिसके तहत भारतीय जनता पार्टी मंडल मैनपुर जिला गरियाबंद के ग्राम गोपालपुर में विशेष सदस्यता अभियान के तहत भारी संख्या में महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सदस्यता अभियान के गरियाबंद के जिला संयोजक योगेश शर्मा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी एवं राज्य की विष्णु देव साय की सरकार किसान गरीब महिलाओं सहित सभी वर्गों के हित एवं विकास के लिए संकल्पित है। भारी संख्या में युवा महिलाएं एवं सभी वर्ग के लोग उत्साह के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं सदस्यता अभियान में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेश कश्यप, नैन सिंह नेताम, मनोज निर्मलकर, महेंद्र, परस, हेम सिंह नेताम, कमलाबाई नेताम, फूलबाई, ललिता बाई, नागेश, चम्पेश्वरी नेताम, मीराबाई वर्मा, कमला बाई नागेश उषा भाई ध्रुव, राधाबाई, कीर्ति नेताम, कमलाबाई, नागेश, नीररा बाई, नागेश, उषा ध्रुव सहित भारी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

साहित्य समिति के अध्यक्ष साहिर व महासचिव फनेंद्र बने

# साहित्य समाज का होता है दर्पण : नूतन लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद




साहित्य भवन में रत्नांचल जिला साहित्य एवं जनकल्याण समिति का कार्यकाल पूरा होने के बाद फिर से पदाधिकारी का चयन किया गया। जिसमें जितेंद्र सुकुमार साहिर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष भुवन लाल श्रीवास, महासचिव फनेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम चक्रधारी, सह सचिव विजय कुमार सिंहा,संरक्षक डॉ. मुन्नालाल देवदास, नूतन लाल साहू, सलाहकार टीकमचंद सेन, संगठन मंत्री भोज राम साहू, मीडिया प्रभारी संतोष कुमार सोनकर बनाए गए हैं। इस मौके पर सभी चयनित पदाधिकारी का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष जितेंद्र सुकुमार साहिर ने कहा कि गरियाबंद जिला साहित्य के क्षेत्र में लगातार एक से बढ़कर एक मुकाम हासिल कर रहे हैं जिले के कवि लेखक देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी सम्मानित हो रहे हैं उनके द्वारा लिखित रचनाएं दुनिया भर के प्रतिष्ठित पत्र पत्रिकाओं में लगातार स्थान प्राप्त कर रही हैं यह ना कि इस जिला के लिए उपलब्धि भरी बात है बल्कि पूरा देश इससे गौरांवित है। साहित्य समिति में लगातार लिखने वालों की संख्या बढ़ी है। आगे नए लिखने वाले को मंच प्रदान किया जाएगा तथा उनकी रचनाओं को संकलित कर पुस्तक का स्वरूप दिया जाएगा। डॉ. मुन्नालाल देवदास ने कहा कि साहित्य सृजन मां सरस्वती की वरदान है। गरियाबंद जिले का नाम साहित्य के क्षेत्र में रोशन हुआ है। आगे भी यह क्रम चलता रहे इसके लिए हम सबको कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। नूतन लाल साहू ने अपनी बात रखते हुए कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है। आदमी दर्पण में चेहरा जब तक देखता है तब तक वह अच्छा दिखता है कहीं चेहरे में कोई खराबी हो तो वह दर्पण देखना भी छोड़ देता है। अच्छे साहित्य लिखें ताकि समाज में एक अच्छा संदेश पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन फनेंद्र मोदी ने किया। इस मौके पर भागवताचार्य भोला महाराज, भागचंद बंजारे, शंकर पटेल इत्यादि उपस्थित थे।

